Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:22 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 7:12 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी    वर्ष 18 अंक 31 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु.    बुधवार, 16 जुलाई 2025

हांगकांग में जन्मीं विदेशी बालो बनी...पेज-3 पर

## Birla Institute of Applied Sciences

Bhimtal – 263136, District – Nainital (Uttarakhand)

BIRLA INSTITUTE OF APPLIED SCIENCES
BIAS

### Courses Offered

- Bachelor of Technology (Computer Science & Engineering) (180 seats)
- Bachelor of Technology (Electronics & Communication Engineering) (30 seats)
- Bachelor of Computer Applications (BCA) (60 seats)
- Master of Computer Applications (MCA) (30 seats)
- Lateral Entry – Electronics & Communication Engineering (3 seats)
- Lateral Entry – Computer Science & Engineering (18 seats)

For detailed information visit our Website: www.birlainstitute.co.in/or
Email us on: info@birlainstitute.co.in
Contact details for admission:- 94129 96069, 94153 64502, 94101 69995, 94561 89308, 91492 85401





## हरेला मेला-2025

दिनांक : 16 जुलाई, 2025 (बुधवार)

के उद्घाटन के शुभ अवसर पर गरिमामयी उपस्थिति

**श्री यशपाल आर्य जी**
मा. नेता प्रतिपक्ष, उत्तराखण्ड सरकार

**श्री राम सिंह कैड़ा जी**
मा. विधायक, भीमताल

**श्री संजीव आर्य जी**
मा. पूर्व विधायक, नैनीताल

निवेदक :- **सीमा टम्टा** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, भीमताल

**आयोजक : नगर पालिका परिषद भीमताल**

# महिलाओं का फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन

## फैक्ट्री से कैमिकल युक्त पानी खाली प्लाट में छोड़ने से उठने वाले बदबू से कालोनी के लोगों का जीना दूभर

किच्छा

हमारे संवाददाता

नगर पालिका वार्ड नंबर एक देविरया में किशनपुर मिनी इंडस्ट्रीज एरिया स्थित फैक्ट्री से कैमिकल युक्त पानी खाली प्लाट में छोड़ने से उठती बदबू से परेशान महिलाओं ने फैक्ट्री के पीछे खाली प्लाट पर प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया।

महिलाओं ने प्रशासन और फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। महिलाओं ने फैक्ट्री प्रबंधक की मनमानी के आगे प्रशासन पर बेबस होने का भी आरोप लगाया। वहां के निवासियों का कहना था कि फैक्ट्री से होने वाले प्रदूषण के आगे एनजीटी भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे वहां रहने वाले लोगों को जीवन खतरे में पड़ गया है। कैमिकल युक्त पानी चारों तरफ फैल जाने से वहां उठनी वाली बदबू से लोग बीमार पड़ रहे है। बताया कि पिछले तीन माह से लोगों का जीना हराम हो चुका है। जिसके बाद मजबूर होकर वह प्रदर्शन को मजबूर हुए है। महिलाओं का कहना था कि राजनैतिक पकड़ होने के कारण फैक्ट्री प्रबंधन मानकों को ताक पर रख कर फैक्ट्री चलाने से पर्यावरण पर भी विपरित प्रभाव पड़ रहा है। जिससे ग्रीन उत्तराखंड की आवो हवा खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण विभाग भी सो गया है, जिसका लाभ उद्योगपति उठा रहे हैं। कानून केवल आम आदमी के लिए रह गया है। जिससे लोग अपना घर छोड़ कर वहां से पलायन को मजबूर हो रहे है। प्रशासन ने जल्द ही इस पर कार्यवाहीं नहीं की तो वह उग्र आंदोलन को मजबूर हो जाएंगे। प्रदर्शन करने वालों में यशोदा, पायल कठैत, गंगा रावत, दीपा बिष्ट, अमृत कौर, पार्वती देवी, तनुजा बिश्ट, दीपा देवी, ललिता बिष्ट, पूजा बिष्ट, अंजु सिंह, लक्ष्मी धामी, रंजीत नगरकोटी, अभिषेक भारद्वाज, बलवीर सिंह, महेंद्र बिष्ट, कुंदन सिंह,बीना जीना,दीपा देवी, शामिल थे।



**रोष**

- महिलाओं का आरोप फैक्ट्री प्रबंधक की मनमानी के आगे प्रशासन पर बेबस

### प्रदर्शन के दौरान कई महिलाओं ने की उल्टी

प्रदर्शन के दौरान बदबू के कारण महिलाओं का स्वास्थ्य खराब हो गया। इस दौरान तुलसी बिष्ट, पार्वती देवी, देवकी देवी को उल्टी होने लगी। लोगो का कहना इस तरह की दिक्कत का लगातार सामना करना पड़ रहा है।



# नीलू अलहंस को लायंस प्रेसिडेंट पर्यावरण अवार्ड से सममानित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर की समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी एवं वृक्षारोपण के प्रति अमूल योगदान देने वाली नैनीताल निवासी नीलू अलहंस को आज द हिमालयन किचन के सभागार में लायंस कलब के अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी द्वारा लायंस प्रेसिडेंट पर्यावरण अवार्ड 2025 से सममानित किया।

सममान स्वरूप नीम करोली महाराज का फ ोटो फ्रेम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया ।इस अवसर पर सममान ग्रहण करते हुए नीलू अलहंस ने कहा इस प्रकार के सममान को ग्रहण करके हमें और बढ़ चलकर समाज सेवा के कार्य करने की प्रेरणा मिलती है ।सममान समारोह में शोभा गुप्ता, नीलम मेहरोत्रा, नीलम डांगरा, सूची, कमलेश जेठी, रेखा कंसल,किरण, रेनू व पंकज अग्रवाल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने किया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।शोभा गुप्ता ने सभी का आभार एवं धन्यवाद किया । नीलू अलहंस को रिलायंस पर्यावरण अवार्ड से सममानित किया गया।

# पंचायत चुनाव अगस्त के बाद कराने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बरसात के दौरान राज्य निवार्चन आयोग के द्वारा प्रदेश के 12 जिलों कराए जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को अगस्त माह के बाद कराए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मंगलवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक व सचिव पंचायतीराज राज वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि चुनाव व कावड़ मेला व्यवस्था के अनुरूप चल रहा है। पुलिस प्रशासन ने कावड़ मेले को सुचारु रूप से करने के लिए प्रदेश की 30 प्रतिशत फोर्स लगा रखी है। 10 प्रतिशत चार धाम यात्रा में लगा रखी है। होने वाले चुनाव के लिए विभाग ने 10 प्रतिशत फोर्स रिजर्व रखी है। चुनाव व कावड के दौरान दंगा होने पर भी विभाग ने फोर्स रिजर्व रखी है।

चुनाव आयोग की तरफ से कहा गया कि आयोग को चुनाव कराने में किसी तरह की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। जहाँ तक कावड़ मेले का सवाल है इसमे खासकर हिमांचल, हरियाणा, पंजाब तथा यूपी व देहली के कावड़ी आ रहे हैं। जिनका प्रथम जत्था चुनाव की प्रथम तिथि से पहले समाप्त हो जाएगा। सचिव द्वारा यह भी कहा गया कि कावड़ से प्रभावित जिलों में चुनाव दूसरे फेस में है। डीजीपी के द्वारा कोर्ट को अवगत कराया कि जिन कावड़ के द्वारा बीते दिनों दुकानदारों, महिलाओं व अति अधिक ध्वनि से डीजे चलाए जा थे उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया गया, जिस पर कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट को कोर्ट में बुधवार (आज) तक पेश करें। कोर्ट ने मामले की सुनवाई बुधवार (आज) भी जारी रखी है।

मामले के अनुसारए देहरादून निवासी डाकटर बैजनाथ ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि अभी राज्य में पंचायत चुनाव का कार्यक्रम चल रहा है वहीं दूसरी तरफ कांवड़ यात्रा, चारधाम यात्रा और बरसात का सीजन भी चल रहा। प्रदेश में बाढ़ राहत के बचाव में प्रशासनए पुलिस व एसडीआरफ की टीमें लगी हुई हैं। ऐसी स्थिति में पंचायत के चुनाव कराना खतरे से खाली नहीं है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने किया पीएम श्री जवाहर नवोदय में पौधारोपण कार्यक्रम

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

हरेला पर्व पर बुधवार को रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान नीम, कनेर, अर्जुन, आम गुलमोहर, कचनार,जेट्रोफा सहित विभिन्न प्रजातियों के 100 से अधिक पौधे रोपित किए गए। राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि हरेला पर्व हमारी लोक संस्कृति आस्था और पर्यावरण संरक्षण के मूल्यों का प्रतीक है और यह लोक पर्व हमें सतत विकास की प्रेरणा देता है। । उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर ही हम एक सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस दौरान बच्चों को हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।इस दौरान आलोक जैन, ओंकार सिंह ढिल्लो, मुनीन्द्र कुमार, पी के मौर्य, अजय कुमार , दीपक अग्रवाल, प्रांजल मौर्य, तेजस ढिल्लो, जावेद अफगानी, संजीव नेगी, सोनम सहित स्कूल का स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे।



## पुलिस ने होटलों में छापेमारी की कार्रवाई की

**नैनीताल** । नैनीताल के तल्लीतान व मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस की ओर से होटलों में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने होटल संचालकों से वहां रुकने वाले पर्यटकों की पूरी जानकारी उनके पास रखने की बात कही। पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर मल्लीताल कोतवाली पुलिस व तल्लीताल में थाना पुलिस ने टीम बनाकर गाड़ी पड़ाव, बड़ा बाजार, मॉलरोड व तल्लीताल के होटल रेस्टोरेंट में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस की ओर से होटलों के रजिस्टर व कर्मचारियों के सत्यापनों की जांच की जा रही है। अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई भी की जा रही है। मंगलवार को भी तल्लीताल व मल्लीताल क्षेत्र के होटलों में पुलिस ने चैकिंग अभियान चालाया। इस दौरान पुलिस ने होतलों के रजिस्टर व पर्यटकों से लिये जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी भी होटल संचालकों से ली। एसपी यातायात व अपराध डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि अभियान के दौरान होटल कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि होटल में ठहरने वाले सभी पर्यटकों की आईडी के साथ मोबाइल नंबर जरूर लें।

# NEWS / फटाफट

## डीएसए मैदान में हो रहे जलभराव को लेकर समतलीकरण

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल स्थित डीएसए मैदान में बारिश के चलते हो रहे जलभराव को देखते हुए खेल विभाग की ओर से इसका समतलीकरण किया जा रहा है। बता दें कि बारिश से यहां जलभराव की स्थिति होती है। ऐसे में खिलाडि़यों व पर्यटकों और स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मैदान में जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा ने यहां सर्वे किया था और अब इसके समतलीकरण का कार्य जारी है। जल्द ही मैदान के समतलीकरण का कार्य पूरा हो जाएगा जिसके बाद यहां विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

## नगर पालिका की कर निर्धारण समिति की बैठक

**नैनीताल** । नगर पालिका की कर निर्धारण समिति की मंगलवार को बैठक हुई, जिसमें 89 मामलों में सुनवाई कर उन्हें निस्तारित किया गया।
कर निर्धारण समिति की अध्यक्ष सपना बिष्ट ने बताया कि 89 मामलों में 8 मामले 500 हजार रुपए से अधिक के थे। पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल की मौजूदगी में समिति सदस्यों ने दाखिल खारिज किए 14. एक तरफ ा 38, कर निर्धारण समिति के 29 मामलों की सुनवाई कर निस्तारण किया। इस दौरान सभासद गीता उप्रेती, ललिता दफ ौटी, भगवत सिंह रावत, जितेंद्र पांडे, मनोज साह जगाती तथा गजाला कमाल आदि मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश के चलते टैक्सी चालकों में मारपीट

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल गोलघर चौराहे पर पुरानी रंजिश के चलते टैक्सी चालकों में मारपीट हो गई। मारपीट बढने् पर दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए, जहाँ देर तक हंगामे के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के दो युवकों का चालान कर सखत हिदायत देते हुए छोड़ दिया। बता दें कि मंगलवार को मल्लीताल गोलघर चौराहे पर दो टैकसी चालकों के बीच पुरानी लड़ाई के चलते मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान गोलघर चौराहे पर भीड़ जमा हो गई। जब मामला शांत नहीं हुआ तो दोनो पक्ष लड़ते हुए कोतवाली पहुंच गए। कोतवाली में दोनों टैकसी चालक एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। जिस पर पुलिस ने दोनों को देर तक कोतवाली में बैठाए रखा। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चन्द्र पंत ने बताया कि बीच सडक़ मारपीट करने पर कमल व नारायण के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

## युवक पर होटल कारोबारी महिला ने तोडफ़ोड़ का आरोप

**नैनीताल** । नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में एक होटल कारोबारी महिला ने एक युवक पर होटल में तोडफ़ोड़ करने का मामला सामने आया है। महिला ने कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।
जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी विमला फर्त्याल ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि एक युवक ने बीती आठ जुलाई को उसके होटल में तोडफ़ोड़ की। जिसके बाद वह नुकसान की भरपाई करने के लिए तैयार नहीं है। महिला ने कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चन्द्र पंत ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर युवक की खोजबीन की जा रही है।

## युवक को नशे में वाहन चलाना महंगा पड़ा

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में एक युवक को शराब के नशे में वाहन चलाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार देर शाम एसओ रमेश बोरा राजभवन क्षेत्र से गश्त करते हुए डांठ की ओर आ रहे थे। इस दौरान उनके वाहन के आगे एक टैकसी वाहन यूके 040टीबी 0 0163 डांठ की ओर आ रहा था। वाहन के लहराते हुए चलने से एसओ ने वाहन को रोक लिया। इस दौरान बात करने पर वाहन चालक शराब पिया लगा। जिस पर वाहन चालक का मेडिकल कराया। मेडिकल में पुष्टि होने के बाद पुलिस ने वाहन कबजे में ले लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत वाहन चालक गजेंद्र कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन सीज कर दिया है।

## दो युवकों पर अभद्रता व मारपीट व धमकी देने का आरोप

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक व्यक्ति ने दो युवकों पर अभद्रता व मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया। उसने कोतवाली में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी शाहनवाज खान ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि वह देर शाम अपने घर को जा रहा था। इस दौरान एक टैकसी बाइक चालक व उसके साथ एक युवक ने उसको रोक लिया और उसके साथ अभद्रता करने लगे। जब उसने विरोध जताया तो दोनों युवक उसको धमकी देने लगे। उसने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चन्द्र पंत ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

## बिजली की लाइन पर पेड़ गिरने से ध्वस्त



**नैनीताल** । नैनीताल पाइन्स क्रियाशाला के समीप बिजली की लाइन पर चीड़ का पेड़ गिरने से 11 केवी की लाइन ध्वस्त हो गई। जिससे तल्लीताल व मॉलरोड क्षेत्र की विद्युत आपूर्ती ठप रही। मंगलवार को पाइन्स क्षेत्र में हवा से चीड़ का पेड़ टूटने से बिजली की 11 केवी की लाइन ध्वस्त हो गई। सूचना के बाद ऊर्जा निगम की टीम ने मौके पर पहुँचकर काम शुरू किया। एसडीओ प्रयंक पांडे ने बताया कि देर शाम तक लाइन भी दुरुस्त कर दी जाएगी। बताया कि 11 केवी टाउन सेकंड फ ीडर के एक स्पान के तीनों तार टूट गए हैं जिस वजह से तल्लीताल जू रोड व मॉल रोड की सप्लाई बाधित हो गई है अस्थाई व्यवस्था के तहत दूसरे फ ीडर से जोडक़र सप्लाई चालू करने का प्रयास किया जा रहा है।

# अभिमत

## संयम जरूरी

*उत्तराखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश की पुलिस भी कांवड़ यात्रा में हरसंभव सतर्कता बरतती है। इस बार पश्चिम बंगाल के डीजे को रोकने के लिए पुलिस ने कमर कसी है। दरअसल डीजे साउंड सिस्टम की क्षमता काफी ज्यादा है और ध्वनि प्रदूषण होता है। बड़े आकार का साउंड सिस्टम सड़कों पर दुर्घटना का कारण बन सकता है। कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे साउंड सिस्टम और डाक कांवड़ की ऊंचाई दस फुट से अधिक नहीं होनी चाहिए।*

धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की आस्था शुभ संकेत है। धर्म की आड़ में असामाजिक तत्वों को उपद्रव का मौका मिल जाता है। उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा को सुचारू तौर पर संचालित करना प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण रहता है। उत्तराखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश की पुलिस भी कांवड़ यात्रा में हरसंभव सतर्कता बरतती है। इस बार पश्चिम बंगाल के डीजे को रोकने के लिए पुलिस ने कमर कसी है। दरअसल डीजे साउंड सिस्टम की क्षमता काफी ज्यादा है और ध्वनि प्रदूषण होता है। बड़े आकार का साउंड सिस्टम सड़कों पर दुर्घटना का कारण बन सकता है। कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे साउंड सिस्टम और डाक कांवड़ की ऊंचाई दस फुट से अधिक नहीं होनी चाहिए। कांवड़ यात्रा के दौरान थकान से नींद आती है। सुस्ती दूर करने के लिए धीमी ध्वनि से भजन सुनना अनुचित नहीं है। ट्रक, ट्रैक्टर ट्राली में भोजन, बिस्तर आदि के साथ अन्य सुविधा होनी चाहिए। रास्ते में भजन सुनने में किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन डीजे की तेज ध्वनि पर डांस और सड़क पर यातायात बाधित करना धर्म अथवा आस्था का प्रतीक नहीं है। यातायात बाधित करने से रोकने पर कई बार कांवड़िये उपद्रव कर देते हैं। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद वर्धन और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक करके कांवड़ यात्रा की व्यवस्था पर विचार विमर्श किया। विशेष रूप से यातायात बाधित नहीं होने के बारे में दिशा निर्देश दिये गये। हाईवे पर एक तरफ की पूरी सड़क कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दी जाती है। उधर कांवड़ियों के लिए विभिन्न संस्थाएं भोजन, ठहरने और अन्य सुविधा की व्यवस्था में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती हैं। सावन के महीने में बारिश से बचाव के लिए सड़क के किनारे पंडाल लगाकर विश्राम के लिए दरी, गद्दे, पंखे आदि की व्यवस्था के साथ ही चाय, भोजन का प्रबंध भी किया जाता है। समाज में बहुत से लोग ऐसे हैं, जो स्वयं कांवड़ यात्रा में शामिल होकर हरिद्वार से गंगा जल लाने में असमर्थ हैं, इसलिए कांवड़ियों की सेवा करके पुण्य अर्जित करना चाहते हैं। कांवड़ियों के लिए भोजन, विश्राम आदि की व्यवस्था में योगदान करने के लिए लोग स्वयं आगे आते हैं। कांवड़ियों को भी व्यवस्था बनाये रखने में संयम बरतना चाहिए।

# ढोंगी बाबाओं को पढ़ाएंगे कानून का पाठ

## 300 फर्जी बाबाओं की पहचान कुमाऊं रीजन में अब तक

● आपरेशन कालनेमि अभियान के तहत ढोंगी लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

लोगों को ठगने वाले फर्जी बाबाओं को पुलिस जेल का रास्ता दिखा रही है। अभी तक कुमाऊं में सैकड़ों ढोंगी बाबाओं को पुलिस ने कानून का पाठ पढ़ा कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड पुलिस द्वारा पूरे राज्य में चलाए जा रहे ऑपरेशन कालनेमि के तहत फर्जी बाबाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा रही है।

इस अभियान का मकसद उन धोखेबाज़ तथाकथित साधु-संतों को बेनकाब करना है, जो भोली-भाली जनता का आर्थिक, सामाजिक और मानसिक शोषण कर रहे हैं। कुमाऊं मंडल में भी यह अभियान तेजी से चल रहा है।

हल्द्वानी स्थित अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से रुबारु होते हुए आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि, कुमाऊं रीजन में अब तक करीब 300 फर्जी बाबाओं की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा चुकी है। कई ऐसे बाबा पकड़े गए हैं, जो अंधविश्वास फैलाकर लोगों को ठगते थे और शारीरिक शोषण जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त थे।

आईजी ने बताया कि पुलिस ने ऐसे बाबाओं और फकीरों की पूर्व की गतिविधियों, आपराधिक पृष्ठभूमि और ठगी के मामलों की जांच कर तेजी से कार्रवाई शुरू की है। पुलिस की स्पेशल टीमें ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों और नगरों में सक्रिय हैं।

उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि, यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति बाबा या साधु के वेश में लोगों को गुमराह कर रहा है, तो उसकी जानकारी नजदीकी थाने या हेल्पलाइन नंबर पर दें। आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस अभियान के तहत सोशल मीडिया पर सक्रिय कथित गुरुओं पर भी निगरानी रखी जा रही है। धार्मिक आस्था की आड़ में अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



**पुलिस ने पूछताछ कर दी सख्त हिदायत:** ऊधमसिंह नगर में बीते दिवस ऑपरेशन कालनेमि के तहत चौकी बगवाड़ा पुलिस ने क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान पुलिस ने उनसे पूछताछ की और सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार को चौकी प्रभारी बगवाड़ा सुरेन्द्र रिंगवाल के नेतृत्व में आपरेशन कालनेमि अभियान चलाया गया।

## कोतवाली पुलिस ने बूथों का निरीक्षण कर लोगों को किया जागरूक

**नैनीताल ।** पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस भी चौकन्नी हो गई है। कोतवाली पुलिस लगातार ग्रामीण क्षेत्र में जाकर बूथों का निरीक्षण कर रही है। साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

पंचायत चुनाव को लेकर कोतवाली पुलिस ने खुर्पाताल, बजून, अधौड़ा तथा थापला समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथों की स्थिति देखी गई, साथ ही आस पास के माहौल का भी जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से भी बात की। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चन्द्र पंत ने बताया कि क्षेत्र में बूथों का निरक्षण करने के साथ ही लोगों से निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई।

साथ ही क्षेत्र में शराब व पैसे के बल पर वोट मांगने वालों की जनकारी पुलिस को देने की बात कही। बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में लगातार नजर रखी जा रही है।

## एसटीएफ की जनपद में बड़ी कार्रवाई 2 ऑटोमैटिक पिस्टल,2 मैगजीन समेत अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

डीजीपी दीपम सेठ के के निर्देश पर राज्य में गैंगस्टर और अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के चलते एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर को विशेष रूप से निर्देशित किया गया था। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने एएसपी स्वप्न किशोर सिंह,सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एमपी सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर धकपकड़ को दिशा-निर्देश दिये गये।

एसटीएफ कुमायूँ युनिट ने थाना आईटीआई पुलिस के साथ 1 वैपन तस्कर हर्ष शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा निवासी आर्य नगर थाना काशीपुर को आईटीआई थाना क्षेत्र से 2 अवैध पिस्टल व 2 मैगजीन .32 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की जानकारी देते हुए एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि एसटीएफ की गठित टीम जनपद से अवैध हथियारों के सप्लायर को गिरफ्तार किया है।



**कार्रवाई**


● मास्टरमाइंड न्यूजीलैण्ड से हथियारों का बड़ा नेटवर्क चला क्षेत्र में कई बार हथियारों की सप्लाई कर चुका था

कब्जे से 2 ऑटोमैटिक पिस्टल .32 बोर व 2 मैगजीन बरामद हुयी। पूछताछ में तस्कर न्यूजीलैण्ड में बैठे गुरविंन्दर सिंह बाजवा उर्फ गूरी के निर्देश में हथियारों की सप्लाई कर रहा था। इससे पूर्व भी कई बार वैपन की सप्लाई कर चुका है इस मामले में न्यूजीलैण्ड कनेक्शन सामने आया है जिस पर टीम आगे काम कर रही है। गिरफ्तार के खिलाफ थाना आईटीआई में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उत्तराखंड एसटीएफ टीम में एसआई केजी मठपाल,एसआई बृजभूषण गुररानी, एएसआई प्रकाश भगत,हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह,हेड कांस्टेबल रियाज अख्तर,हेड कांस्टेबल गोविंद बिष्ट, हेड कांस्टेबल रविंद्र बिष्ट, मोहित वर्मा, गुरवंत सिंह, दीपक भट्ट ,चालक संजय कुमार समेत थाना आईटीआई टीम में थानाध्यक्ष कुंदन रौतेला,एसआई प्रकाश बिष्ट आदि शामिल रहे।

# फिल्मी दुनिया

## हांगकांग में जन्मीं विदेशी बाला ऐसे बनीं बॉलीवुड की कैटरीना





*बॉलीवुड की बार्बी डॉल कैटरीना आज अपना 42वां जन्मदिन मना रही हैं। कैटरीना ने कई हिट फिल्मों में काम किया है लेकिन ये सफर उनके लिए इतना आसान नहीं रहा। बॉलीवुड की ग्लैमरस डीवा कही जाने वालीं कैटरीना कैफ का जन्म 16 जुलाई 1983 को हांगकांग में हुआ था। कैटरीना आज पूरे 42 साल की हो गई हैं। कैटरीना कैफ के पिता मोहम्मद कैफ ब्रिटिश-भारतीय मूल के कश्मीरी व्यवसायी हैं जबकि उनकी मां सुजैन एक ब्रिटिश नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। कैटरीना आठ भाई-बहनों में से एक हैं। उनकी तीन बड़ी बहनें, तीन छोटी बहनें और एक बड़ा भाई है। कैटरीना के बचपन में ही उनके माता-पिता का तलाक हो गया था, जिसके बाद उनकी मां ने अकेले ही बच्चों की परवरिश की। कैटरीना और उनका परिवार दुनिया के अलग-अलग देशों में रहा। उन्होंने फ्रांस, जापान, स्विट्जरलैंड, पोलैंड और बेल्जियम जैसे कई देशों में आशियाना बनाया। सिर्फ 14 साल की उम्र में कैटरीना ने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। लंदन में एक फैशन शो के दौरान, उन्हें भारतीय निर्देशक कैजाद गुस्ताद ने नोटिस किया और अपनी फिल्म बूम (2003) में कास्ट किया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही, लेकिन कैटरीना की खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस ने सबका ध्यान खींचा। चलिए नजर डालते हैं कैटरीना के अब तक के फिल्मी सफर पर।*

### कैटरीना कैफ का निजी जीवन

*कैटरीना कैफ का निजी जीवन भी हमेशा सुर्खियों में रहा। शुरुआती दिनों में सलमान खान के साथ उनके रिश्ते की खूब चर्चा हुई। दोनों की जोड़ी रियल लाइफ और रील लाइफ दोनों में काफी पसंद की गई, लेकिन ये रिश्ता लंबे समय तक नहीं टिक सका। बाद में रणबीर कपूर के साथ उनका नाम जुड़ा। दोनों ने कुछ वर्षों तक एक-दूसरे को डेट किया और अजब प्रेम की गजब कहानी और जग्गा जासूस जैसी फिल्मों में साथ काम भी किया, लेकिन ये रिश्ता भी टूट गया।*

## रामनी में 20 छात्रों ने लिया पौधरोपण अभियान में हिस्सा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

रामनी में एक प्रेरणादायक पहल के तहत इंटरैक्ट क्लब के करीब 20 छात्रों ने 6 रोटेरियन सदस्यों, शिक्षक इंचार्ज अनुपा जोशी और स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर मंजुषा के साथ मिलकर पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान छात्रों ने पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

बच्चों की सक्रिय भागीदारी और पर्यावरण के प्रति उनकी गंभीरता ने सभी को प्रभावित किया। प्रधानाचार्या मंजुषा ने इस मौके पर कहा कि हर पौधा भविष्य की एक उम्मीद है और बच्चों का यह योगदान आने वाले कल को संवारने वाला है। अभियान के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि यह पहल यहीं नहीं रुकेगी, बल्कि आने वाले समय में और अधिक विस्तार लेगी। इस दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र साह शैली, योगेश साह, जेके शर्मा, शिवांगी साह, अनुभा जोशी मौजूद रहे।



## देवखड़ी व रकसिया नाले में अतिक्रमण पर नोटिस

**हल्द्वानी।** बरसात अधिक होने से नदी नाले उफान पर है इसी चलते रकसिया एवं कलसिया नालों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है प्रशासन की टीम ने इन नालों पर से अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उपजिलाधिकारी राहुल शाह के निर्देशन में संबंधित क्षेत्रों में अतिक्रमण चिह्नीकरण कर सीमांकन एवं अभिलेखीय सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। पूर्व में देवखड़ी एवं रकसिया नालों के किनारे हुए अतिक्रमण पर नोटिस जारी किए गए थे। आपत्तियों के समाधान के लिए शिविरों का आयोजन कर आपत्तियों का निस्तारण किया गया था। मंगलवार को भूमि अभिलेखों के आधार पर नालों की सीमाओं का मिलान करते हुए अतिक्रमण चिन्हित कर लाल निशान लगाए गए।

देवखड़ी नाले में संजय नगर एवं आवास विकास क्षेत्र में आज 58 पूर्व चिन्हित अतिक्रमण की स्थलीय निरीक्षण नपाई कर मार्किंग की गई। इसी प्रकार रकसिया नाले में बिठौरिया नंबर 1 चंबल पुल क्षेत्र में कुल 20 चिन्हित अतिक्रमणों निरीक्षण कर निशान लगाए गए।

## अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से दुकानदारों में आक्रोश

**नैनीताल ।** नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग पर भूमियाधार क्षेत्र में सडक़ किनारे अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन और स्थानीय दुकानदारों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। बीते शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के बाद मंगलवार को फिर से अतिक्रमण कर लिया गया जिस पर प्रशासन ने सखत रुख अपनाते हुए दोबारा अभियान चलाया। बता दें कि एसडीएम नवाजिश खालिक के नेतृत्व में राजस्व पुलिस और नगर निकाय की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई अस्थायी दुकानों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से सडक़ किनारे बनी दुकानों को हटाया गया। प्रशासन की इस सखती से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया और दुकानदारों में भारी आक्रोश देखा गया। कुछ लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया।





